# कालीबाड़ी मंदिर की सफाई अभियान में शामिल हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर प्रदेश भर के देवालयों के सफ ाई अभियान में जुटी है भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/ चमन शर्मा**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी के आह्वान पर रविवार से समूचे प्रदेश में बीजेपी द्वारा देवालयों में सफ ाई अभियान की शुरूआत की गई। इसके क्रम में आज पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के नेतृत्व में आज बीजेपी शिमला के. सभी नेताए पदाधिकारी और कार्यकर्ता कालीबाड़ी मंदिर पहुंच कर सफाई अभियान चलाया। इस तरह का अभियान भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में चला रही है। पार्टी के नेता अपने आस पास के सभी मंदिरों में जाकर वहां पर सफाई अभियान चला रहे हैं। अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा से पूरे देश में उत्साह और उल्लास का माहौल है।



पूर्वाह्न 11 बजे काली बाड़ी मंदिर पहुंचे बीजेपी के सभी नेताओं ने मंदिर परिसर में सफ ाई अभियान चलाया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष समेत सभी नेताओं ने मंदिर परिसर की धुलाई की। मीडिया से बातचीत करते हुए नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर पूरे देश भर में मंदिरों की साफ -सफ ाई का अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान अयोध्या में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा तक अनवरत चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि यह हम सभी के सदकर्मों का प्रतिफल है कि हम सभी इस शुभ घड़ी के साक्षी बन रहे हैं। पाँच सौ वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद 22 जून को विधि विधान से राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है और अयोध्या नगरी को एक वैश्विक नगरी की तरह विकसित किया जा रहा है। इस मौके. पर पत्रकारों द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के सवाल पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि भारत पूरी मजबूती के साथ जुड़ा है और सबका साथ-सबका विकास के ध्येय के साथ आगे बढ़ रहा है। आज भारत के एक कुशल और मजबूत नेतृत्व के नरेन्द्र मोदी के हाथों में हैं और पूरी दुनिया के सामने शान से खड़ा है। इसलिए किसी को भारत जोडने की आवश्यकता नहीं है। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, शिमला शहरी विधान सभा सीट से प्रत्याशी संजय सूद, सहित आदि उपस्थित रहे।

# खेल प्रतिभा को बढ़ावा देना नशे के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण प्रयास: रोहित ठाकुर

**टीम एक्शन इंडूषडया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**



**खेल प्रतिभा** को बढ़ावा देना नशे के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण प्रयास है। जो विवेकानंद युवा मंडल वाहोट-कसोल ने युवा महोत्सव के माध्यम से साबित कर दिया है। यह बात वाहोट-कसोल में चल रहे तीन दिवसीय युवा महोत्सव के अंतिम दिन के कबड्डी खेल के क्वार्टर फ ाइनल का शुभारम्भ पर भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव रोहित ठाकुर ने बतौर के मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कही। इस दौरान उनके साथ बरमाणा के व्यावसायी अनुवेष ठाकुर भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में खेलों में कबड्डी और वॉलीबॉल की प्रतियोगितायों के लिए युवाओं को मंच प्रदान करना एक बहुत बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का भी ये सपना सच साबित हो रहा है कि खेलगा भारत तो खिलेगा भारत। उन्होंने कहा कि युवाओं में खेलों के प्रति रुचि उन्हें नशे से दूर रखने में सहायक होती है। युवाओं को चाहिए कि वे अपने अंदर खेलों के प्रति लगाव पैदा करते हुए किसी भी खेल का हिस्सा बनें। नशे को खत्म करना हम सबकी नैतिक व सामाजिक जिम्मेवारी है। उन्होंने कहा कि आज का युवा खेलों में रुचि लेकर नशे से बच सकते हैं, हम सबका यह नैतिक कर्तव्य बनता है कि युवाओं को खेलों की तरफ ध्यान लगाकर नशे से मुक्ति लाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि आपसी सहयोग व एकजुटता से ही युवा वर्ग को नशे की प्रवृत्ति से दूर रखा जा सकता है।

# किन्नौर जिला के कोठी गांव पहुंचा पूजित अक्षत कलश यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया/किन्नौर/अनिल**

अयोध्या से आये मुख्य पूजित अक्षत कलश यात्रा जिला किन्नौर के मुख्यालय रिकांगपिओ पहुंचा है ऐसे में रिकांग पिओ क्षेत्र के लोगो ने भव्य स्वागत किया जिसके बाद जिला के कोठी ग्राम पंचायत में मुख्य पूजित अक्षत कलश यात्रा पहुंचा है ऐसे में कोठी ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों ग्रामीणों व मुख्य रूप से कोठी देवी चंडिका माता के आदेश के बाद देवी काली का रथ स्वयं पूजित अक्षत कलश का कोठी गाँव पहुंचने पर पारम्परिक वाद्य यंत्रो के साथ स्वागत किया है और मुख्य पूजित अक्षत कलश के साथ आये सभी लोगो का भी ग्रामीणों ने स्वागत किया व जय श्री राम के उद्धघोष से समुचा कोठी गाँव गूंज उठा है। जिला किन्नौर के सबसे प्रसिद्ध व बड़ी देवी माता चंडिका के मंदिर प्रांगण में अयोध्या से आये मुख्य अक्षत कलश को मंदिर कारदारों द्वारा मंदिर के अंदर देवी चंडिका माता के समक्ष रखा गया है और ग्रामीणों ने देवी चंडीका माता से पूजित अक्षत कलश को मंदिर में स्थापित करने उपरांत आशीर्वाद भी प्राप्त किया है वहीं देवी चंडिका माता के आदेशों के बाद देवी काली के रथ के समक्ष पूजित अक्षत कलश के साथ आये सभी लोगो को आशीर्वाद दिया व मंदिर प्रबंधन ने देवी चंडिका माता का प्रसाद भी सभी को आबंटित किया हैए जिला किन्नौर के निचार खंड व कल्पा खंड के तकरीबन सभी ग्रामीण इलाकों में पूजित अक्षत कलश यात्रा समाप्त हुआ है और अंततः अयोध्या से जिला में आये मुख्य पूजित अक्षत कलश को देवी चंडिका माता मंदिर में देवी चंडिका के समक्ष रखा गया है और देवी चंडिका माता मंदिर में आये सभी लोगो को 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए निमंत्रण पत्र दिया व मंदिर प्रांगण में महिलाओंएपुरुषो समेत पूजित अक्षत कलश के साथ आये लोगो ने पारम्परिक लोकनृत्य भी किया हैण जिला के कल्पा खंड व निचार खंड में लगभग सभी ग्रामीण इलाकों में पूजित अक्षत कलश यात्रा पहुंचा है व पूह खंड के कुछेक ग्रामीण इलाकों में पूजित अक्षत कलश पहुंचा है और अयोध्या से जिला में आए सबसे मुख्य पूजित अक्षत कलश को कोठी देवी चंडिका माता मंदिर में स्थापित किया है व समूचे जिला में भगवान राम के जयकारों से सुबह के सूरज किरणों के साथ जिला के मंदिर व गाँव भक्तिम्य हुआ है।

# गिरिपार क्षेत्र के पारंपरिक रीति रिवाजों से शुरू हुआ माघी पर्व

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**सिरमौर के गिरिपार** क्षेत्र की विशिष्ट संस्कृति के तहत सदियों से मनाए जाने वाले माघी त्यौहार के उपलक्ष पर भातियोजे के दिन करोडों के बकरे काटे जाते है, शिलाई क्षेत्र में माघी पर्व का जश्न शुरू हो गया है। सप्ताह भर से बकरों के काटने का सिलसिला शुरू हो गया है। भातियोजे से पहले बोश्ते के दिन सभी घरों में पहाड़ी व्यंजन उलौले, तेलपक्की, बडोली, खिंडा बनाया जाता है तथा पढाई व रोजगार के लिए क्षेत्र से बाहर रह रहें सभी लोग इस दिन घर पहुंचते है। धारवा गांव



के ढ़ीमेदार चमेल सिंह ठाकुर ने बताया कि उपमण्डल शिलाई के धारवा गांव में माघी त्यौहार बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। भातियोजे के दिन बकरे काटने के बाद हर घर से एक एक सदस्य इक्कठा हो कर हर घर में जाकर खानपान करने की अनूठी परमपरा सदियों से बनी हुई है। थबऊ खश की इस परंपरा और पौराणिक नियम का पूरा भाईचारा पूर्ण सम्मान करता हैं। इस परंपरा का उद्देश्य पुरे वर्ष में आपसी मनमुटाव को प्यार की भावना में बदलना है। जिस घर से कोई व्यक्ति इस खुशी के पर्व पर गांव के साथ शामिल नहीं होता, उसको पुरे गांव द्वारा दंड दिया जाता है, या गांव के लोग भी उस व्यक्ति के घर नहीं जाते है। क्षेत्र में यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। लगभग प्रत्येक परिवार में भातियोजे के दिन बकरे काटे जाते है तथा मीट को घरों की छत पर सुखाया जाता है। ताकि बकरे का मीट पुरे सर्दी के मोसम मे चल सके, कुछ लोग बकरे खरीदकर काटते हैं, जबकि कुछ लोग स्वयं बकरों को माघी के लिए विशेष रूप से पालते हैं। माघी पर पर्व बनने वाले पकवान और काटे गए बकरे का हिस्सा बेटी, बहन आदि को भी रखा जाता है। इस दिन बाकायदा महाकाली की भी विशेष पूजा-अर्चना की जाती है।

# नीलधारी समूदाय के संस्थापक कीले वाले महाराज जी का 144वां प्रकाश पर्व बड़ी श्रद्धा से मनाया

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा**

**नीलधारी समूदाय** के संस्थापक कीले वाले महाराज जी का 144वां प्रकाश पर्व गुरुद्वारा श्री दूखनिवारन साहिब मंडी में बड़ी श्रद्धा व धूमधाम से मनाया गया। गुरुद्वारा श्री दूखनिवारन साहिब मंडी सहित देश-विदेश में रह रही नीलधारी संगति ने कीले वाले महाराज जी के प्रकाश पर्व को बड़ी श्रद्धा से मनाया। गुरूद्वारा श्री दूखनिवारन साहिब मंडी में गत एक सप्ताह से प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में प्रभातफेरी निकाली गई। मंडी गोहर नेर चौक बग्गी सुंदर नगर



पंडोह कुल्लू भुंतर बैजनाथ सहित चंडीगढ़ अमृतसर गुरदासपुर से नीलधारी संगति ने गुरुद्वारा श्री दूखनिवारन साहिब मंडी में महाराजा कीले वाले सामूहिक रूप से गुरुपर्व मनाया। गुरुपर्व के दौरान नीलधारी संगति के इलावा बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों सहित अन्य संप्रदायों के भक्तजनों ने गुरुघर में शिश नवा कर अपना जीवन सफल किया।

# मंडी की खुशबू की किताब गोल्डन बुक अवार्ड-2024 के लिए चयनित

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**जिंदगी में उठाया** गया एक गलत कदम जहां जीवन को अंधकारमय बना देता है। वहीं पर सोच समझ कर लिया गया एक निर्णय भी सफ लता की हजार राहें खोल देता है। कुछ ऐसी संदेश है मंडी की खलियार निवासी खुशबू शर्मा की हाल ही में प्रकाशित अंग्रेजी की पुस्तक वन डिसीजन 1000 बेनिफिट में। एक तरह से मनुष्य के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को भावनात्मक बौद्धिकता के जरिए नियंत्रित करने वाली यह पुस्तक सकारातमक ऊर्जा का संचार भी करती है। इस पुस्तक के लिए खुशबू शर्मा को मुंबई में आयोजित इंडिया ऑथर्स कॉन्क्लेव के दौरान आईएए लेखक पुरस्कार से नवाजा गया। आईआईटी, आईएमटेक एवं वाईएसपीयूएचएफ जैसे विख्यात संस्थानों के साथ काम कर चुकी तथा अपने वैज्ञानिक अनुसंधान कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलनों में पुरस्कृत हो चुकी खुशबू शर्मा ने इस पुस्तक के रूप में नया प्रयोग किया है। उनका कहना है कि शारीरिक बीमारी के विपरीत मानसिक बीमारी के कोई लक्षण नहीं होते ण्ण्ण्जब तक यह उन्नत अवस्था में न हो। वहीं पर भावनात्मक बौद्धिकता वैज्ञानिक रूप से आईक्यू से अधिक महत्वपूर्ण साबित हुई है। वह बताती है कि इस आईक्यू में आपको व्यक्तिगत और व्यवसायिक मोर्चे पर और अधिक



सफ ल बनाने की सभी शक्तियां मौजूद रहती हैं। इसलिए छोटे बच्चों को स्कूल में ही प्रशिक्षित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है ताकि वे भावनात्मक रूप से अधिक बुद्धिमान व्यक्तित्व के रूप में उभर सकें और अपने जीवन में किसी भी समय तनाव का शिकार न हों। खुशबू का कहना है कि मनुष्य के व्यक्तित्व विकास के लिए जरूरी है किताबों से दोस्ती किताबें पढने से ही व्यक्तित्व का विकास संभव है खासकर बच्चों को वह विश्व के नेताओं की जीवनियां पढने पर जोर देती है। उनका मानना है कि माइंडफुलनेस अपनाकर इस दुनिया को रहने लायक जगह बनाया जा सकता है। बच्चों और किशोरों पर सोशल मीडिया का प्रभाव चिंताजनक है। सोयाल मीडिया का अधिक प्रयोग बच्चों और किशोरों को तनाव और अवसाद की ओर धकेल रहा है। इसके विपरीत युवाओं में भावनात्मक बौद्धिकता और आत्मजागरूकता का बढना जरूरी है।

# पांगी में किसानों को वितरित किए जाएंगे निशुल्क हींग के पौधे: कृषि विकास अधिकारी पांगी

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

**कृषि विकास** अधिकारी पांगी नरेश कुमार नायक ने जानकारी देते हुए बताया की कृषि विभाग द्वारा घाटी में हींग की खेती को बढ़ावा देने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में किसानों को विभाग द्वारा निःशुल्क हींग के पौधे फ रवरी माह में वितरित किए जाएंगे। उन्होंने घाटी के इच्छुक किसानों से आह्वान किया है कि जिनके पास दो बीघा भूमि उपलब्ध है, वे कृषि विभाग के किलाड़



कार्यालय में अपना नाम जल्द पंजीकृत करवा लें।

# देश के गौरव व सम्मान के बात की कांग्रेस हमेशा विरोधीः अजय राणा

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**भाजपा प्रदेश प्रवक्ता** अजय राणा ने कहा की राम जन्मभूमि मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह राष्ट्रीय गौरव का विषय है और भारत के प्रमुख सभ्यतागत मोड़ों में से एक है। कांग्रेस नेताओं ने वोट बैंक की राजनीति के कारण राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को बीजेपी, आरएसएस का कार्यक्रम करार देने में लगे है और इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होने का फैसला किया



है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को भारत और उसकी उपलब्धि का जश्न मनाने वाले किसी भी आयोजन से एक बुनियादी समस्या है। राष्ट्रीय गौरव का कोई भी मामला कांग्रेस के लिए चिंता का विषय है, जिसके विचारों में ही भारत विरोधी रवैया निहित होता है। अजय राणा ने कहा की राष्ट्रीय गौरव के 7 अन्य उदाहरण हैं जिन्हें कांग्रेस पार्टी ने छोड़ दिया या विरोध किया है । इसी से ही इनके नेताओ की मानसिकता का पता चकता है नई संसद का लोकार्पण लोकतंत्र के मंदिर के लिए एक श्रद्धांजलि थी, जो लोगों के सामूहिक निर्णय लेने का प्रतीक है। राष्ट्रीय एकता और गौरव की भावना से उद्घाटन में भाग लेने के बजायए कांग्रेस ने पक्षपातपूर्ण हितों को राष्ट्रीय हितों से ऊपर रखा और इसके उद्घाटन का बहिष्कार किया। 2द्ध कांग्रेस ने आधी रात को संसद में जीएसटी के लॉन्च का बहिष्कार किया था। जीएसटी की शुरूआत के साथ 2017 में भारत एक देश, एक कर वाला देश बन गया। जीएसटी ने अप्रत्यक्ष कर के बोझ को काफ ी हद तक कम कर दिया है और भारत में व्यापार करने में आसानी को सरल बना दिया है।

# एसपी सोलन इलेवन व प्रेस क्लब सोलन के बीच खेला गया मैत्री मैच

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**नशे के खिलाफ** जागरूकता बढ़ाने को लेकर रविवार को एसपी सोलन इलेवन व प्रेस क्लब सोलन के बीच मैत्री मैच खेला गया। इस बेहद ही रोमांचक मुकाबले में एसपी इलेवन की टीम 5 विकेट से विजयी रही। मैच का शुभारंभ एसपी सोलन गौरव सिंह ने किया। मैच में अपने हरफ नमौला प्रदर्शन की बदौलत एएसपी सोलन योगेश रौल्टा को मैन आफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया।मैच के शुभारंभ पर बतौर मुख्यातिथि पहुंचे एसपी सोलन गौरव सिंह ने सभी खिलाडियों को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी नशे की गर्त में फं सती जा रही है और खेलकूद के



जरिए भी हम अपनी युवा पीढ़ी को इससे बाहर निकाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज का मैच भी नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने के लिए खेला जा रहा है। इसमें प्रेस क्लब सोलन के सदस्यों का साथ मिलना काफ ी महत्वपूर्ण है। इसके पश्चात प्रेस क्लब सोलन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। टीम के दोनों ओपनरों ने अच्छी शुरूआत देनी चाही लेकिन एसपी इलेवन की सधी हुई गेंदबाजी की बदौलत पहला विकेट जल्द ही गिर गया। इसके पश्चात विशाल वर्मा व मनोज ठाकुर की जोड़ी ने पारी को संभाला और रन जोडने. शुरू किए। हालांकि इन दोनों के आऊट होने के बाद टीम को कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर ज्यादा देर टिक नहीं पाए और 20 ओवर खत्म होने पर टीम 8 विकेट के नुकसान पर 146 रन ही बना पाई। विशाल ने 48 व मनोज ने 35 व मनीष ने 12 रनों का योगदान दिया। एसपी इलेवन की ओर से योगेश रोल्टा ने तीन विकेट चटकाए, जबकि अनिल सुनील व संजीव को एक.एक विकेट मिला।147 रनों का पीछा करने उतरी एसपी इलेवन के ओपनर अनिल धौलटा व रत्न ने सधी हुई शुरूआत की। रत्न के आऊट हो जाने के बाद योगेश रोल्टा व अनिल धौलटा ने टीम को संभाला और टीम को जीत की ओर ले गए। हालांकि अंतिम ओवरों में दोनों बल्लेबाज आऊट हो गए। एसपी इलेवन के अन्य बल्लेबाजों ने टीम को जीत दिला दी। टीम के लिए रत्न ने 34, योगेश रोल्टा ने 33, अनिल धोल्टा ने 28, पुनीत ने 7, कृष्ण ने 6, महेंद्र ने 16 रनों का योगदान दिया। प्रेस क्लब की ओर से सौरभ शर्मा व विशाल वर्मा ने दो-दो विकेट चटकाए। मैच के अंत में विजेता ट्राफी एसपी इलेवन टीम के कप्तान योगेश रोल्टा को प्रदान की गई। उन्हें 3 विकेट व 33 रनों की बदौलत मैन आफ द मैच के पुरस्कार से भी नवाजा गया। उन्होंने कहा कि सोलन पुलिस ने नशे के खिलाफ मुहिम छेड़ रखी है और आज का मैच भी नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए आयोजित किया गया था। उन्होंने प्रेस क्लब सोलन सहित पुलिस टीम के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# बीडीटीएस में नीलम चंदेल ने संभाला प्रिंसिपल सेक्रेटरी का पद, 25 साल लड़ते हुए 7वीं बार मिली जीत

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर के** ट्रक ऑपरेटर नीलम चंदेल को बीडीटीएस में प्रधान सचिव पर नियुक्ति दी गई है। यह जानकारी देते हुए बीडीटीएस के महासचिव प्रदीप ठाकुर ने बताया कि नीलम चंदेल काफी समय से ऑपरेटर मुद्दों को उठाते रहे हैं और ऑपरेटर से लगातार जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि नीलम चंदेल ने जीतराम गुट के साथ आस्था व्यक्त की है और उन्होंने कहा है कि वर्तमान कार्यकारिणी ट्रक ऑपरेटरों के हितों को बरकरार रखेगी। प्रदीप ठाकुर ने



बताया कि नीलम चंदेल ने आज से ही कार्यभार संभाल लिया है। गौर रहे कि पिछले कुछ दिनों से बीडीटीएस में उठा पटक चली हुई थी लेकिन जिस तरह से ऑपरेटरों ने वर्तमान कार्यकारिणी को सहयोग देना स्वीकार किया है, अब लगता है कि संकट के बादल छट जाएंगे। बताते चले कि बीडीटीएस बरमाणा में कुल 21 सदस्य हैं।

# युवा पीढ़ी व समाज को नशे के दलदल से बचाना हम सभी का कर्तव्य: भुट्टो

## शिवालिक स्कूल में विधायक ने 20 छात्रों की फीस के लिए दिए 25 हजार

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**कुटलैहड़ विस** क्षेत्र को शिक्षा के क्षेत्र में उच्च पर पहुंचाना लक्ष्य है। यह लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है, जब हम सभी इक्कठे होकर धरातल पर काम करेंगे। यह शब्द कुटलैहड़ के विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने रविवार को शिवालिक पब्लिक स्कूल तनोह में वार्षिक समारोह में शिरकत करके संबोधन में कहे। विधायक भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता है और ईमानदारी से हम काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि हर पंचायत स्तर से हर घर हर वार्ड तक सरकार की योजनाएं एवं जनता की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। लेकिन कुछ



पंचायत प्रतिनिधि न तो मेरे द्वारा दिए गए बिकास पर धनराशि को खर्च कर रहे है और न ही विकास को महत्व दे रहे है। भुट्टो ने कहा कि एक वर्ष में हम ने कुटलैहड़ के जरूरत मंद परिवारों को सरकार की तरफ से करीब तीन करोड़ की धनराशि आर्थिक मदद के तौर पर घर पहुंचाई है और करीब तीन सौ गरीबी रेखा से नीचे परिवारों के बच्चो को पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की है। भुट्टो ने कहा कि आज समाज में नशे के सौदागर युवा पीढ़ी को बर्बाद करने में लगे हुए है। हालांकि राज्य सरकार एवं पुलिस प्रशासन हर दिन नशे के आरोपियों को पकड़ रही है, लेकिन फिर भी बाहरी राज्यों से नशे के सौदागर नशे की खेप हिमाचल पहुंचा रहे है। समारोह के दौरान स्कूली छात्रों द्वारा संस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। वही विधायक देवेंद्र भुट्टो ने शिवालिक पब्लिक स्कूल तनोह में गरीबी रेखा से नीचे 20 छात्रों को 25 हजार की नकद राशि प्रदान की। वहीं मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिला पार्षद सदस्य सत्या देवी, कुटलैहड़ एक्स सर्विस मैन के अध्यक्ष केवल कृष्ण, डॉ किशोरी लाल शर्मा, अनीता देवी, शशि वाला सहित अन्य उपस्थित रहे।

# गगरेट क्षेत्र की किसी भी समस्या को गुगल शीट पर कर सकेंगे लाईव ट्रैक: चैतन्य

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**गगरेट के विधायक** चैतन्य शर्मा ने गगरेट को ग्रेट के सपने को साकार करने के लिए रविवार को एक ऐतिहासिक कदम उठाया। विधायक ने मकर सक्रांति पर्व पर अभयपर स्थित अपनी युवा शक्ति पराक्रम संस्था के कार्यालय में गगरेट क्षेत्र की जनता के हित में दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत करवाया। विधायक चैतन्य शर्मा ने कहा कि गगरेट क्षेत्र की किसी भी समस्या पर की गई कार्रवाई को गुगल शीट में लाइव ट्रैक कर सकते है। सभी अधिकारी आपके घर द्वार आकर समस्याओं का यथासंभव निवारण करेंगे। इसके साथ ही हर महीने प्रशासनिक अधिकारियो और पत्रकारों के मध्य संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें जनता से जुड़े सवालों के जवाब दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मेरी ओर से सभी विभागों के तबादलों



की प्रक्रिया को पारदर्शिता तरीके से करने के लिए ट्रांसफर हेल्पलाइन नंबर 7807977277 को शुरू किया गया, जिसमें आप बिना किसी की मदद से लिए सीधे मुझसे संपर्क कर सके। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। अयोध्या श्री राम मंदिर के दर्शन करने के लिए 22 जनवरी से पंजीकरण प्रक्रिया शुरू की जायेगी और 22 फरवरी से निशुल्क बस सेवा व अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन से ट्रेन के माध्यम से एक साल तक यात्रा करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को भंजाल बड़ा तालाब मैदान में प्रभु श्री राम की मूर्ति स्थापना के भव्य आयोजन को लाइव दिखाया जाएगा। साथ ही गगरेट क्षेत्र के 15 प्रमुख मंदिरों में राम पाठ हवन यज्ञ करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दिन को हम सब मिलकर एक उत्सव की तरह मनाएंगे।

# हिमाचल के पहाड़ी इलाकों में दो दिन बर्फ गिरने के आसार



**शिमला।**

**हिमाचल प्रदेश** में लंबे समय से चल रहा शुष्क मौसम का दौर थम सकता है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक राज्य के पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फ गिरने के आसार हैं। राज्य के उच्च पर्वतीय इलाकों में 16 व 17 जनवरी को बर्फबारी की संभावना जताई गई है। इस दौरान लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लु, चंबा व शिमला जिलों के अधिक उंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का नजारा देखने को मिल सकता है। हालांकि इस अवधि में राज्य के मैदानी भागों में मौसम साफ रहेगा। 15 जनवरी को भी समूचे प्रदेश में मौसम साफ रहेगा। 18 व 19 जनवरी को भी कहीं भी बारिश व बर्फबारी का अनुमान नहीं है। इस विंटर सीजन में प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में कम बर्फबारी हुई है। हिल्स स्टेशनों शिमला और मनाली में बर्फबरी के लिए सैलानियों को तरसना पड़ रहा है। यह लगातार दूसरा विंटर सीजन है जब शिमला शहर में बर्फबारी नहीं हुई है। मौसम विभाग की मानें तो प्रदेश में जनवरी माह में सामान्य से 100 फीसदी कम बर्फबारी हुई है। सूबे में ऐसी स्थिति 17 वर्ष बाद आई है।

**चार शहरों का माइनस में पारा**

राज्य में शुष्क मौसम के बावजूद रातें ठंडी बनी हुई हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2.6 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। चार शहरों का न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे रहा। लाहौल-स्पीति जिला का कुकुमसेरी सबसे ठंडा स्थल रहा, जहां न्यूनतम तापमान -7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके अलावा केलांग में -4.6 डिग्री, कल्पा में -0.4 डिग्री और बरठीं में -0.1 डिग्री सेल्सियस रहा। अन्य शहरों के तापमान पर नजर डालें, तो शिमला में 7.5 डिग्री, सुंदरनगर में 0.2 डिग्री, भुंतर में 0.7 डिग्री, धर्मशाला में 6.2 डिग्री, उना में 3.5 डिग्री, नाहन में 6.1 डिग्री, पालमपुर में 3.5 डिग्री, सोलन में 0.8 डिग्री, मनाली में 2.2 डिग्री, कांगड़ा में 3.8 डिग्री, मंडी में 0.5 डिग्री, चंबा में 3.1 डिग्री, डल्हौजी में 6.4 डिग्री, जुब्बड़हट्टी में 7.5 डिग्री, कुफरी में 7.1 डिग्री, नारकंडा में 5.4 डिग्री, भरमौर में 5.2 डिग्री, रिकांगपिओ में 2.1 डिग्री, धौलाकूआं में 3.3 डिग्री, समधो में 0.2 डिग्री, पांवटा साहिब में 6 डिग्री, सराहन में 5.5 डिग्री और देहरा गोपीपुर में 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# नेशनल स्कूल गेम्स कराटे स्पर्धा में हिमाचल को आदर्श ठाकुर ने दिलाया रजत पदक

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**कराटे खिलाडी** आदर्श ठाकुर ने हरियाणा में सम्पन्न हुई कराटे स्पर्धा में अंडर-14 वर्ष के 55 किलो भार वर्ग में हिस्सा लिया। जिसमें सिल्वर मेडल प्राप्त कर हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश को हराकर हिमाचल प्रदेश का नाम पूरे देशभर में रोशन किया है। वहीं आदर्श ठाकुर इसका श्रेय अपने मुख्य



कोच विजय ठाकुरए संदीप ठाकुर एवं अपने परिवार के सदस्यों को दिया है। आदर्श ठाकुर कंदरौर का निवासी है। इस उपलब्धि पर खुशी का माहौल है।

# सांसद की मंडी को सौगात, विकास को रफ्तार के लिए 46 लाख किए जारी

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**सांसद प्रतिभा सिंह** ने मंडी जिले में विकास कार्यों को गति देने के लिए लगभग 46 लाख रुपये जारी किए हैं। यह धनराशि जिले के गोहर, धनोटू, चच्योट, गोपालपुर और सरकाघाट क्षेत्र में खर्च होगी। बता दें, सांसद ने इन क्षेत्रों के अपने दौरे में विभिन्न विकास कार्यों के लिए धनराशि उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। अब घोषणाओं के मुताबिक कार्यान्वयन एजेंसियों संबंधित बीडीओ और लोक निर्माण विभाग को अलग अलग 30 विकास कार्यों के लिए यह धनराशि प्रदान की गई है। सांसद ने धनोटू ब्लॉक की ग्राम



पंचायत भौर के निमार्णाधीन पंचायत घर के कार्य को पूर्ण के लिए 5 लाख रुपये प्रदान किए हैं। गोहर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत कांडी में अलीनाल से मुख्य मार्ग तक सडक सुधार के लिए 1.50 लाख वहीं ग्राम पंचायत तुन्ना में जोहानाला में मोक्षधाम के लिए 1.50 लाख प्रदान किए हैं। उन्होंने धनोटू ब्लॉक की ग्राम पंचायत डुगरैण के सेवा युवक मंडल के लिए खेल सामग्री तथा अन्य साजोसामान की खरीद के लिए 1.50 लाख रुपये तथा डुगरैण के निमार्णाधीन पंचायत भवन के लिए 1.50 लाख रुपये व पंचायत में मोक्षधाम के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए 2 लाख प्रदान किए हैं। सांसद ने धनोटू ब्लॉक की भौर पंचायत के शीतला महिला मंडल के लिए खेल व अन्य सामग्री के लिए 1 लाख रुपये तथा नवीन युवक मंडल भौर को 50 हजार प्रदान किए हैं। उन्होंने धनोटू ब्लॉक की ग्राम पंचायत भलाना की भलानाधार में अनुसूचित जाति बस्ती में सामुदायिक भवन के लिए 2 लाख रुपये प्रदान किए हैं। उन्होंने चुराग ब्लॉक की ग्राम पंचायत कुटाहाची में कुटावाची-डामलदली सडक के लिए 1.50 लाख रुपये तथा ग्राम पंचायत खन्योरी में गलीधार से चुड़ूधार पथ निर्माण के लिए 2 लाख और गोहर ब्लॉक में ग्राम पंचायत नंदी के बदली में फुट ब्रिज के कार्य के लिए 2 लाख रुपये प्रदान किए हैं। सांसद ने धनोटू ब्लॉक की ग्राम पंचायत मग्गर पधरू में ओडा में फुट ब्रिज तथा पथ निर्माण के लिए 1 लाख रुपये प्रदान किए हैं।

# 20 सूत्रीय कार्यक्रम का सदस्य बनाने पर रजनीश ने जताया शीर्ष नेतृत्व का आभार

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**घुमारवीं विधानसभा** क्षेत्र से संबंध रखने वाले प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रभारी रजनीश मैहता को जिला बिलासपुर 20 सूत्रीय कार्यक्रम कमेटी का सदस्य नियुक्त किया गया है। जिससे उन्होंने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। उन्होंने अपनी इस नियुक्ति पर कहा कि प्रदेश में सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार का पिछले एक साल का



कार्यकाल बेहतरीन रहा है। सुक्खू ने पूरे देश व प्रदेश की जनता में एक नायक, गरीबों के मसीहा और जनता से सीधा जुड़े हुए एक व्यक्तित्व की अपनी अलग पहचान बनाई है। मेहता ने कहा कि उनकी पहचान युवा कांग्रेस संगठन में एक सिपाही के तौर पर है तथा संगठन के पदाधिकारियोंररर को तरजीह देकर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बता दिया वह एक संगठन से निकले हुए साधारण व्यक्ति है। उन्होंने हमेशा कहा है कि समय समय पर संगठन में काम करने वाले पदाधिकारियों को सरकार में काम करने का मौका मिलता रहेगा जिससे उनका मनोबल ऊंचा होता रहेगा।

# चरस सहित चंबा का युवक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। आईएसबीटी** ऊना के समीप एक युवक को पुलिस ने चरस सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पंजू राम निवासी धारना, जिला चंबा के रूप में हुई है। जिसके खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक ऊना पुलिस की टीम शनिवार रात्रि को आईएसबीटी ऊना के समीप गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने शक के आधार पर चंबा निवासी पंजू राम की तलाशी ली, जिससे पुलिस ने 93.72 ग्राम चरस बरामद किया गया।

# सदगुरू रविदास जयंती पर निकाली जाएगी प्रदेशस्तरीय शोभायात्रा: मदन



**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**नगर के रौड़ा** सेक्टर में स्थित संत शिरोमणी सदगुरू रविदास महासभा निमार्णाधीन मंदिर परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता श्री गुरू रविदास जी महाराज सभा के अध्यक्ष कृष्ण लाल वर्धन की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में आगामी 24 फरवरी को मनाए जाने वाले सदगुरू रविदास जी महाराज जयंती महोत्सव को मनाने को लेकर चर्चा हुई। प्रैस को जारी बयान में प्रधान मदन लाल ने बताया कि इस बार इस जयंती से पूर्व 18 फरवरी को प्रदेश स्तरीय श्री गुरू रविदास महाराज शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। यह यात्रा घुमारवीं अंबेडकर भवन से शुरू होगी तथा पूरे प्रदेश का भ्रमण कर वापिस घुमारवीं पहुंचेगी। उन्होने बताया कि इस यात्रा का कार्यभार राजेंद्र भाटिया को सौंपा गया है। राजेंद्र भाटिया की अगवाई में यह शोभायात्रा 18 फरवरी को 11 बजे रवाना होगी। वहीं इस आयोजन को और भव्य तरीके से मनाने के लिए भी विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र भाटिया ने कहा कि यह यात्रा कई मायनों में अहम होगी। प्रदेश में जातिगत भेदभाव, संविधान की सुरक्षा तथा अपने गुरूओं के बताए मार्ग पर चलने के लिए लोगों को इस यात्रा के माध्यम से जागरूक किया जाएगा।

उन्होंने समाज के सभी वर्गों से इस यात्रा को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की है। इस बैठक में जिला प्रधान मदन लाल, अध्यक्ष कृष्ण लाल वर्धन, महासचिव आचार्य जगदीश सहोता, वरिष्ठ उपप्रधान दौलत राम बादल, संरक्षक भंडारू राम, उपप्रधान श्याम लाल, बाबू राम तथा सदस्य आचार्य नंद लाल, मनसा राम, मदन गोपाल, सुरेश कुमार, दिनेश कुमार व हरी कृष्ण आदि मौजूद रहे।

# सक्रांति अंधकार से उजाला का प्रतीक: दत्तात्रेय

## आरएसएस ने झलेड़ा में मनाया मकर सक्रांति पर्व

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**मकर सक्रांति** पर्व पर रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ऊना के तत्वावधान में उत्सव का आयोजन झलेड़ा में किया गया। समारोह में संघ के मुख्य वक्ता दत्तात्रेय होसबोले, उत्तर क्षेत्र क्षेत्र प्रचारक प्रमुख रामेश्वर, सह प्रमुख हरीश, प्रांत ग्राम विकास प्रमुख देवेंद्र, प्रांत संघ चालक प्रो. वीर सिंह, प्रांत कार्यवाह डा. किस्मत कुमार, सह प्रांत कार्यवाह



डा. चंद्र प्रकाश, प्रांत प्रचारक संजय, डा. हेमराज, प्रमुख समाजसेवी अनिल वशिष्ट, जिला कार्यवाह राज कुमार सहित संघ के बड़ी संख्या में अधिकारियों व स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। मुख्य वक्ता दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि मकर सक्रांति से उत्तरायण पक्ष प्रारंभ होता है, जिसको माना जाता है कि इस अवधि में स्वर्ग का द्वार खुलता है। इस अवसर का इंतजार भी महाभारत युद्ध में भीष्म पितामह ने अपने प्राण त्याग के लिए किया। सक्रांति पर प्रकृति में परिवर्तन दिन बड़े व रात्रि छोटी होती हैं। अंधकार से उजाला का प्रतिक माना जाता है। इसको ज्ञान के विवेक का प्रकाश से जीवन में प्रयत्नशील रहने व हार न मानने का संदेश देता है, जो जीवन में कामयाबी की कुंजी हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य को नमर्ता, सदचरित्र व प्रेम के आदर्श भगवान राम मयार्दा पुरुषोतम से सिखने चाहिए। जबकि रावण का अंत अंहकार व चरित्रहीनता के कारण हुआ। जीवन में दोषों को दूर करने के प्रयत्न से हम अच्छे बनते हैं। अंत में उन्होंने राष्ट्र को समृद्ध शक्तिशाली, समृद्ध बनाने का संकल्प लेने का आग्रह किया।

# घुमारवीं में बिलासपुर लेखक संघ की बैठक आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर**

रविवार को बिलासपुर लेखक संघ की मासिक बैठक एवं संगोष्ठी घुमारवीं में डॉ. रविंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के प्रथम सत्र में डॉ. अनेक राम सांख्यान के पहाड़ी काव्य संग्रह हिम काव्य लहरें का विमोचन किया गया। पुस्तक विमोचन के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाषा एवं संस्कृति विभाग के निदेशक डॉ. पंकज ललित थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ लेखराम शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष संस्कृत विभाग गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अन्य अतिथियों वह सभी



साहित्यकारों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। डॉक्टर अनेक राम सांख्यान की पहले भी दो पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। बैठक का मंच संचालन संघ के महासचिव रविंद्र कुमार शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में लगभग 40 साहित्यकारों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. पंकज ललित ने कहा कि एक मानव विज्ञानी द्वारा साहित्य में रुचि रखना बहुत बड़ी बात है। इस अवसर पर डॉक्टर लेखराम शर्मा, डॉ. राजेश चैहान व बृजलाल लखनपाल ने इस पुस्तक की समीक्षा प्रस्तुत की। बैठक के द्वितीय सत्र में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कर्नल जसवंत सिंह चंदेल वीएसएम ने की।

प्रतिभा शर्मा कांगड़ा ने छैल मता लिखेया तू पढ़ी कर दिख पहाड़ी में अपनी रचना प्रस्तुत की। प्रीति शर्मा मधु ने मगर मेरा नहीं कुछ भी,

शीला सिंह ने श्राम के चरित्र और सिद्धांतों को अपनाना ही श्रेष्ठतम है, कविता सिसोदिया विरक्त ने एहसास जन्म मरण का, कुसुम लता ने अब मुझको भी सम्मान मिलेए अनीता रानी ने सुणो सुणो भलयो लोको सुणोए रचना चंदेल ने राम हुए हैं कितने और प्रमाण दें, प्रस्तुत की। जसवंत सिंह चंदेल ने नव वर्ष की शुभकामना, डॉ. रविंद्र ठाकुर ने पुलकित लोहड़ी की भोर में, चहचहाते पंछियों के शोर ने बलदेव सांख्यान ने पहाड़ी गाना तू बाहीं रे सरहाने देख्यां सौंदी, देख्यां मेरी याद औन्दी, प्रस्तुत किया।

# नंगल खुर्द में ब्रदर्स ग्रुप ने लगाया रक्तदान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**हरोली विधानसभा** क्षेत्र के तहत गांव नंगल खुर्द में ब्रदर्स ग्रुप के सदस्यों द्वारा रविवार को पहला ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। कैंप में नंगल खुर्द के प्रधान प्रवीण कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा है कि समाज को जगाने के लिए ऐसे कार्य करने चाहिए और युवा पीढ़ी को नशे से दूर रखना हमारा और माता पिता का दायित्व है। सभी मिलजुल कर समाज को नशा से दूर रखने का प्रयास करते रहना चाहिए। आयोजक नव बैंस ने



बताया कि दिनभर चले कैंप में 65 यूनिट रक्त जुटाया गया। इस अवसर पर पर सुमित शर्मा, पूनम, अजय, रवि हंस, लाडी, साहिल गिल, नितिन बाली, विक्की शर्मा, समीर बैंस सहित अन्य उपस्थित रहे।

